## खबर संक्षेप

### रामपुर-बटुरा कोल माइंस ने निगली किसानों की खुशहाली

**शहडोल।** विकास के नाम पर विनाश का जो खूनी खेल रामपुर-बटुरा मेगा प्रोजेक्ट ने शुरू किया है, उसने बैरिहा और खांडा के ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। एसईसीएल की तानाशाही और प्रबंधन की संवेदनहीनता के खिलाफ अब किसानों ने उग्र आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश त्रिपाठी और पूर्व जनपद सदस्य राजबहोर चंद्रा ने प्रेस वार्ता में दो टूक कहा है कि यह लड़ाई अब प्रबंधन बनाम ग्रामीण की होगी, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी।

**प्यासा है आदिवासी, जर्जर है स्कूल-** अखिलेश त्रिपाठी ने दर्द बयां करते हुए कहा कि जब से यह खदान शुरू हुई है, बैरिहा की स्थिति जर्जर हो चुकी है। खेती का ग्राफ गिरकर महज 30 से 40 प्रतिशत रह गया है। सिंचाई तो दूर, आदिवासी मोहल्लों में पीने तक को पानी नसीब नहीं है। इलाके के कुएं, तालाब और बोर पूरी तरह सूख चुके हैं। हद तो यह है कि खदान में होने वाली हैवी ब्लास्टिंग के कारण स्थानीय स्कूल की इमारत कभी भी जमींदोज हो सकती है, जिससे मासूम बच्चों की जान पर चौबीसों घंटे खतरा मंडरा रहा है।

**छतों पर कोयले की चादर-** प्रदूषण का आलम यह है कि बैरिहा का हर पेड़ और हर घर काली टोपी पहने नजर आता है। ग्रामीणों की छतों पर कोयले की धूल की ऐसी मोटी परत जमी है, मानो डामर का लेपन किया गया हो। स्वच्छ हवा अब यहां के लोगों के लिए एक सपना बन गई है। राजबहोर चंद्रा ने एसईसीएल के सीएसआर फंड पर सवाल उठाते हुए कहा कि रामपुर से आंचल वाटिका तक का मार्ग डेथ जोन बन चुका है। सड़कों के किनारे पटरी भराव न होने और ओवरलोड गाड़ियों के कारण आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि जाम के कारण एंबुलेंस तक समय पर नहीं निकल पाती, जिससे कई लोग दम तोड़ चुके हैं। प्रबंधन सब जानते हुए भी धृतराष्ट्र बना बैठा है।

**आंदोलन की चेतावनी -** ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि रामपुर से आंचल वाटिका तक स्ट्रीट लाइट, पटरी भराव और पार्किंग की सुविधा तत्काल मुहैया नहीं कराई गई, तो चक्काजाम और उग्र आंदोलन किया जाएगा। यह आंदोलन कोई सांकेतिक प्रदर्शन नहीं, बल्कि महीनों चलने वाला संग्राम होगा। ग्रामीणों का स्पष्ट संदेश है या तो हमें जीने का हक दो, या खदान का ताला बंद करो।

### नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** जिले के स्वास्थ्य महकमे में एक बार फिर बड़े आंदोलन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन ने अपनी लंबित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान कर दिया है। एसोसिएशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो प्रदेश व्यापी हड़ताल की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

**मांगों की अनदेखी से पनपा आक्रोश-** नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन, जिला शाखा शहडोल ने बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता के माध्यम से प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन का कहना है कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत नियमित, संविदा, आउटसोर्स और अन्य समितियों के कर्मचारियों की मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इन मांगों में से अधिकतर अनार्थिक और सैद्धांतिक हैं, फिर भी शासन स्तर पर हो रही देरी से कर्मचारियों में भारी असंतोष है।

**काली पट्टी से लेकर सुंदरकांड तक** कर्मचारियों ने अपनी आवाज बुलंद करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिसमें 9 फरवरी को जिला स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन, 16-17 फरवरी को काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराना। 23-24 फरवरी को एनएचएम कार्यालय और स्वास्थ्य संचालनालय पर प्रदर्शन। 26-27 फरवरी को कार्य का बहिष्कार और अतिरिक्त समय तक मरीजों की सेवा करना। 28 फरवरी को यज्ञ और सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा।

**मानव सेवा को सर्वोपरि रखने का संकल्प-** एसोसिएशन ने अपनी मंशा साफ करते हुए कहा कि वे मानव सेवा को ध्यान में रखते हुए फिलहाल चरणबद्ध तरीके से अपनी बात रख रहे हैं। हालांकि, यदि निश्चित समय सीमा में निर्णय नहीं लिया गया, तो स्वास्थ्य सेवाएं ठप करने जैसा कड़ा कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेता है।

---

### सुशासन की नई इबारत लिख रही विधायक चौपाल
# ब्यौहारी के भगीरथ बने विधायक शरद




### आदिवासियों के द्वार पर ही हो रहा समस्याओं का संहार

शहडोल।

राजनीति जब केवल नारों से निकलकर सुदूर अंचलों की पगडंडियों पर चलने लगती है, तो व्यवस्था परिवर्तन की बयार साफ महसूस की जा सकती है। जिले के अंतिम छोर पर स्थित ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिल रहा है। भाजपा के युवा और ओजस्वी विधायक शरद जुगलाल कोल ने ड्राइंग रूम पॉलिटिक्स को त्याग कर धरातल की राजनीति का जो मॉडल पेश किया है, उसने क्षेत्र के आदिवासी समाज में एक नया विश्वास जगा दिया है। उनकी विधायक चौपाल अब केवल जनसुनवाई का माध्यम नहीं, बल्कि गरीबों के हक की बहाली का एक सशक्त मंच बन चुकी है।

#### सुशासन का जीवंत उदाहरण

मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशानुसार, शासन के लाभ को अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को विधायक शरद कोल जमीनी हकीकत में बदल रहे हैं। चौपालों में उमड़ता जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि जनता अपने प्रतिनिधि में अपना रक्षक देख रही है। जहां कभी आदिवासियों को एक दस्तखत या राशन कार्ड के लिए तहसील मुख्यालय के चक्कर काटते-काटते चप्पलें घिसनी पड़ती थीं, आज वहां पूरा प्रशासनिक अमला विधायक के एक निर्देश पर जनता के चरणों में खड़ा नजर आता है।

#### फाइलों की सुस्ती पर विधायक का प्रहार

विधायक शरद कोल की कार्यशैली में सबसे विशेष उनकी त्वरित निर्णय क्षमता है। चौपाल में आने वाली प्रमुख समस्याओं चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना की अटकी किश्तें हों, वृद्धावस्था या सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित पात्र हितग्राही हों, या फिर वर्षों पुराने जमीनी विवाद, विधायक हर मामले की तह तक जा रहे हैं। चौपाल के दौरान जब कोई बुजुर्ग अपनी पेंशन की व्यथा सुनाता है, तो विधायक केवल आश्वासन नहीं देते, बल्कि मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल दस्तावेज पूर्ण करने का आदेश देते हैं। नामांतरण और सीमांकन जैसे जटिल राजस्व मामलों में विधायक का रुख बेहद सख्त है, उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि राजस्व अमला समय-सीमा के भीतर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करे, अन्यथा लापरवाही बरतने वाले अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी।

#### बदल रहा है ब्यौहारी का राजनीतिक परिदृश्य

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शरद कोल की यह चौपाल नीति विपक्ष के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। जब विधायक खुद जनता के बीच जाकर समस्याओं का निस्तारण कर रहे हों, तो विरोधियों के पास आरोपों के लिए कोई जमीन नहीं बचती। सुशासन की इस कड़ी ने ब्यौहारी में भाजपा के जनाधार को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान की है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी संतोष है कि उन्हें अब अपनी बात कहने के लिए किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं है, उनका विधायक खुद उनके बीच बैठकर उनकी भाषा में उनकी समस्याओं का हल निकाल रहा है। ब्यौहारी में विधायक शरद जुगलाल कोल द्वारा चलाई जा रही यह मुहिम प्रदेश के अन्य विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक नजीर है।

#### आदिवासी अस्मिता और विकास का नया संगम

ब्यौहारी विधानसभा का बड़ा हिस्सा आदिवासी बाहुल्य है, जहां सूचनाओं का अभाव और भौगोलिक दूरियां अक्सर विकास में बाधक बनती हैं। शरद कोल ने इस खाई को पाटने का काम किया है। उन्होंने चौपालों के माध्यम से आदिवासियों को यह एहसास कराया है कि यह सरकार उनकी अपनी है। पीएम आवास योजना में तकनीकी दिक्कतों के कारण जो गरीब झोपड़ियों में रहने को मजबूर थे, उन्हें विधायक की पहल से पक्के मकान का सपना सच होता दिख रहा है। विधायक शरद कोल का कहना है कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। मेरा लक्ष्य केवल सड़क और पुल बनाना नहीं, बल्कि हर उस आदिवासी भाई-बहन के चेहरे पर मुस्कान लाना है जो आज भी अपने हक से वंचित है।

---

### प्यार के जुनून में मासूम की बलि
# पुलिस ने बेनकाब किया प्रेम का खूनी चेहरा



शहडोल।

इंसानियत को तार-तार कर देने वाली एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने धनपुरी ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की रूह कंपा दी है। एक तरफ मां का ममतामयी आंचल था, तो दूसरी तरफ इश्क के नाम पर पल रही एक वहशी दरिंदगी। धनपुरी पुलिस ने एक ऐसे अंधी हत्या कांड का खुलासा किया है, जहां एक मासूम सात साल के बच्चे को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया गया क्योंकि वह एक सनकी प्रेमी के रास्ते का कांटा बन रहा था।

#### लापता मासूम का नाले में मिला शव

घटना की शुरुआत 28 जनवरी 2026 को हुई, जब झिल्ली दफाई की रहने वाली महिला ने अपने 7 वर्षीय मासूम बेटे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। 31 जनवरी को बैगा ओसीएम बगइया नाला में उस मासूम का क्षत-विक्षत शव मिला, जिसके बाद पूरे इलाके में आक्रोश की ज्वाला भड़क उठी।

#### बेवफाई का बदला या सनक की इंतहा

पुलिस की सघन तफ्तीश और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेह की सुई मो. मोहसीन उम्र 25 वर्ष पर जाकर टिकी। जब खाकी ने मनोवैज्ञानिक तरीके से सख्ती दिखाई, तो आरोपी के अंदर छिपा हुआ हैवान बाहर निकल आया। आरोपी ने कबूल किया कि उसका मृत बच्चे की माँ के साथ पिछले ढाई साल से प्रेम प्रसंग था। वह उससे शादी करना चाहता था, लेकिन जब महिला ने उससे दूरी बनानी शुरू की, तो प्रतिशोध की आग में जल रहे मोहसीन ने उस मासूम को निशाना बनाया।

#### गला दबाकर नाले में फेंका

आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह मासूम को बहला-फुसलाकर नाले के पास ले गया और अपने हाथों से उसका गला घोंट दिया। हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने के लिए उसने शव को नाले में फेंक दिया और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अब हत्या धारा 103(1) बीएनएस, साक्ष्य मिटाने (238(ए) बीएनएस और एसटी/एससी एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

#### आरोपी को पहुंचाया कालकोठरी

एसपी, एएसपी और एसडीओपी धनपुरी के कुशल मार्गदर्शन में निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो और उनकी टीम ने इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जो तत्परता दिखाई, वह काबिले तारीफ है। इस ऑपरेशन में उप निरीक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह, आर.पी. प्रजापति और उनकी टीम ने भूमिका निभाई।

---



### ब्यौहारी रेलवे स्टेशन की बदली सूरत जीएम ने परखीं अमृत भारत की सुविधाएं

#### आलीशान रेस्ट हाउस का हुआ आगाज

ब्यौहारी।

पश्चिम मध्य रेल मंडल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने कटनी-सिंगरौली रेल खंड के ब्यौहारी स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। जीएम के इस दौरे ने जहां स्टेशन की नई सुविधाओं पर मुहर लगाई, वहीं रेल कर्मचारियों की समस्याओं को भी मंच प्रदान किया।

#### सुविधाओं का लक्जरी अवतार

जीएम ने इरकॉन इंटरनेशनल और क्वाजर इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा निर्मित अत्याधुनिक अधिकारी विश्राम गृह का उद्घाटन किया। विश्राम गृह की डिजाइन और उच्च गुणवत्ता वाली लक्जरी सुविधाओं की सराहना करते हुए उन्होंने अधिकारियों को यहां ठहरने की सलाह दी। अमृत भारत योजना के तहत नवनिर्मित ओवरब्रिज, स्वचालित सीढियों और प्लेटफॉर्म का बारीकी से अवलोकन करते हुए उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति जांची।

#### मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

निरीक्षण के दौरान वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। शाखा सचिव रामरहीस पटेल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। जीएम स्पेशल ट्रेन से पहुंचीं श्रीमती बंदोपाध्याय के साथ मंडल परिचालन अधिकारी प्रिंस विक्रम और परिचालन प्रमुख कुशल सिंह सहित जोन व मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रेलवे परिसर और लॉबी के निरीक्षण के साथ ही उन्होंने भविष्य की योजनाओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

## खन्नौधी: स्कूल नहीं, मौत के सफर पर मासूम! ऑटो में ठूंसे बच्चे, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल



शहडोल।

जिले के निजी स्कूलों में शिक्षा के नाम पर व्यापार की ऐसी मंडी सजी है, जहां मासूमों की जिंदगी की कोई कीमत नहीं रह गई है। ताजा और रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला खन्नौधी स्थित जीएस कॉन्वेंट स्कूल से सामने आया है, जहां संचालक आकाश वर्मा के संरक्षण में परिवहन नियमों की न केवल धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, बल्कि मासूमों को साक्षात मौत के मुंह में धकेला जा रहा है।

#### ऑटो के बाहर लटक रहे मासूम

स्थानीय निवासी श्यामजी गौतम द्वारा साझा किए गए वीडियो ने स्कूल प्रबंधन के काले कारनामों को बेनकाब कर दिया है। ऑटो क्रमांक एमपी 18 आर 1454 में बच्चों को किसी सामान या भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंस कर भरा गया है। स्थिति इतनी वीभत्स है कि छोटे-छोटे बच्चे ऑटो के बाहर लटके हुए हैं। सड़क पर एक मामूली सा गड्ढा या हल्का सा असंतुलन कई घरों के चिराग बुझा सकता है। क्या स्कूल प्रबंधन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

#### संचालक की मनमानी, प्रशासन को खुली चुनौती

कक्षा आठवीं तक संचालित इस स्कूल के संचालक आकाश वर्मा को शायद कानून का कोई खौफ नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बार-बार टोकने के बावजूद प्रबंधन बच्चों की सुरक्षा को ठेंगा दिखा रहा है। ग्रामीणों ने इस जानलेवा लापरवाही की लिखित शिकायत स्थानीय थाने और तहसीलदार को दे दी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई करेगा या इन शिक्षा के सौदागरों पर बुलडोजर जैसी सख्त कार्रवाई होगी।

#### अभिभावकों का फूटा गुस्सा

अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। अब जनता का सब्र जवाब दे रहा है। यदि तत्काल इस किलर ऑटो और स्कूल प्रबंधन पर कठोरतम कार्रवाई नहीं की गई, तो यह गुस्सा सड़कों पर उतरने को तैयार है। बच्चों की जान से खिलवाड़ करने वाले इन संस्थानों को तालाबंद करना अब वक्त की जरूरत बन गया है।

---

### मंदिर के पीछे चल रहा था खूनी खेल, पुलिस ने घेराबंदी कर एक को दबोचा
# शहडोल में गौ-तस्करों का दुस्साहस



शहडोल।

जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र में गौ-वंश के खिलाफ क्रूरता का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नीलकंठ मंदिर जैसे पवित्र स्थल के पीछे झाड़ियों की आड़ में गौ-हत्या की साजिश रच रहे अपराधियों के मंसूबों को पुलिस ने नाकाम कर दिया है। मुखबिर की सटीक सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

#### आधी रात को पुलिस की दबिश

जानकारी के अनुसार, 03 फरवरी 2026 को धनपुरी थाना प्रभारी को सूचना मिली कि नीलकंठ मंदिर के पीछे बरमसिया की झाड़ियों में कुछ लोग मवेशियों को काट रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके की घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद अंसार अंसारी उम्र 40 वर्ष निवासी बुढार के रूप में हुई है।

#### कठोर धाराओं में मामला दर्ज

पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 325, 3(5), मध्य प्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4(9), पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(ठ) और आयुध अधिनियम की धारा 25बी के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी धनपुरी के मार्गदर्शन में निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### मौके से हथियार और मोटरसाइकिलें बरामद

तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त सामग्री जब्त की है, जिसमें दो धारदार नुकीले चाकू और नायलॉन की रस्सियां। दो मोटरसाइकिलें और एक वीवो कंपनी का एंड्रॉइड मोबाइल शामिल है। फरार आरोपी की पहचान अज्जू अंसारी निवासी सिंहपुर के रूप में हुई है, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

---

### प्रशासन की तुगलकी नोटिस छात्रों और अभिभावकों में हड़कंप

**अमलाई।** जिला प्रशासन के निर्वाचन विभाग ने सर फॉर्म के नाम पर जो तमाशा खड़ा किया है, उसने न केवल छात्रों और अभिभावकों की रातों की नींद उड़ा दी है, बल्कि सरकार की छवि पर भी कालिख पोतने का काम किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद साहनी ने प्रशासन की इस कृत्य को कानूनी अज्ञानता और तानाशाही करार देते हुए सीधे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज दिया है। **12 घंटे का अल्टीमेटम -** बरगवां और अमलाई नगर परिषद क्षेत्र में स्थानीय बीएलओ और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा आनन-फानन में नोटिस बांटे गए। इस नोटिस में छात्रों को महज 12 घंटे का समय देकर उपस्थित होने का फरमान सुनाया गया है। अधिवक्ता श्री साहनी ने सवाल उठाया कि जो छात्र जिले से बाहर पढ़ाई कर रहे हैं, क्या वे 12 घंटों में उड़कर उपस्थित होंगे, नोटिस में मतदाता सूची की कमियों का कोई स्पष्ट उल्लेख न होना, प्रशासन की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। **कानून को ठेंगे पर रख रहे अफसर-** अधिवक्ता श्री साहनी ने प्रहार करते हुए कहा कि जब आधार कार्ड और मोबाइल नंबर जैसे तमाम दस्तावेज पहले ही दिए जा चुके हैं, तो फिर यह मानसिक प्रताड़ना क्यों? उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन अधिकारियों को न तो कानून की जानकारी है और न ही उन्हें सही ढंग से ट्रेनिंग दी गई है।

## खबर संक्षेप

### उमंग अनिल गुप्ता की पहल रंग लाई



जैतहरी। जैतहरी नगर परिषद द्वारा संचालित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लाइब्रेरी एंड स्मार्ट क्लासेस क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए निरंतर सफलता का केंद्र बनती जा रही है। यहां अध्ययनरत छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जैतहरी नगर का नाम रोशन किया है। हाल ही में लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे अंकित राठौर का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में हुआ है। वहीं मनजीत राठौर ने एनडीए परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन एयर फोर्स में ऑल इंडिया छठवीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बना है। इन दोनों उपलब्धियों से नगर में खुशी का माहौल है और युवाओं में नई प्रेरणा देखने को मिल रही है। इन सफल छात्रों को बधाई देने के लिए नगर परिषद कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा संचालित यह लाइब्रेरी केवल पढ़ाई का स्थान नहीं बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बन रही है। उन्होंने यह भी बताया कि परिषद का उद्देश्य हर वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने आगे कहा कि आने वाले समय में लाइब्रेरी में और अधिक आधुनिक संसाधन, डिजिटल स्टडी मटेरियल और मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे ताकि क्षेत्र के विद्यार्थी बड़े शहरों की तरह अपने ही नगर में बेहतर तैयारी कर सकें। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय लाइब्रेरी के शांत वातावरण, स्मार्ट क्लासेस और नगर परिषद के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यदि यह लाइब्रेरी उपलब्ध नहीं होती तो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना उनके लिए कठिन हो जाता। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता और सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पीएम जनमन आवास निर्माण के शेष कार्यों को आगामी पखवाड़े में शत प्रतिशत पूर्ण करें-सीईओ

अनूपपुर। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण तथा जनमन व आवास प्लस स्कीम के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास जनमन के शेष आवास निर्माण कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सभागार में आयोजित पीएम आवास समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी (आवास) उमेश द्विवेदी, सहायक सहायक परियोजना अधिकारी (शिकायत) श्रीमती शोभा मर्सकोले आवास योजना के विकासखंड समन्वयक तथा पंचायत समन्वयक अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने आवास निर्माण कार्य में प्रगति नहीं आने पर पंचायत समन्वयक अधिकारियों को प्रतिदिन हितग्राहियों से संपर्क करने तथा आवास निर्माण स्थिति की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय किस्त अंतरण वाले हितग्राहियों के एक-एक कार्यों की समीक्षा कर पंचायत समन्वयक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## शहडोल संभाग के इतिहास में दर्ज हुआ ऐतिहासिक महाभंडारा

# चरभड़या धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

### भाजपा विधायक शरद कोल के प्रयासों से हिंदुत्व, सेवा और सामाजिक समरसता का भव्य संगम







**शहडोल। संभाग के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चरभइया धाम में 1 फरवरी को आयोजित विशाल भंडारा और धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को श्रद्धा, सेवा और आस्था से सराबोर कर दिया। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी और अभूतपूर्व व्यवस्थाओं के साथ यह आयोजन शहडोल संभाग के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र स्थित चरभइया धाम में 1 फरवरी को आयोजित विशाल भंडारा और धार्मिक आयोजन ने न केवल क्षेत्र बल्कि पूरे संभाग का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुए इस आयोजन में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी, नगरवासी, ग्रामीणजन और दूर-दराज़ के श्रद्धालु पहुंचे।**

आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें हजारों महिलाओं ने भाग लेकर पूरे वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से भर दिया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मार्गों पर जगह-जगह जाम की स्थिति बनी, लेकिन लोगों के उत्साह और आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। पूरे रास्ते जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंजते रहे। यह दृश्य अपने आप में इस बात का प्रमाण था कि चरभइया धाम अब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था का विशाल केंद्र बन चुका है। चरभइया धाम में आयोजित यह भंडारा शहडोल संभाग के सबसे बड़े देवी माता मंदिरों में हुए आयोजनों में से एक माना जा रहा है। एक साथ लगभग 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुआ लंगर देर शाम तक निरंतर चलता रहा, जिसमें सेवा भाव, अनुशासन और व्यवस्था की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। इस पूरे आयोजन का श्रेय भाजपा विधायक शरद कोल को दिया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन और निरंतर प्रयासों से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप ले सका। विधायक शरद कोल ने सबसे पहले विधिवत कन्या पूजन कर बालिकाओं के चरण धोए और उनका आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात वे स्वयं प्रसाद वितरण में जुट गए और अंत में ग्रामीणों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ जमीन पर बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उनका यह सादगीपूर्ण और आत्मीय व्यवहार लोगों के दिलों को छू गया। चरभइया धाम के विकास और आज की भव्य पहचान के पीछे वर्षों से विधायक शरद कोल का सतत प्रयास रहा है। लंबे चौड़े भूखंड में धाम की चारदीवारी का निर्माण, गौशाला की स्थापना, संत-महात्माओं के ठहरने की व्यवस्था, उनके भोजन और सेवा की स्थायी व्यवस्था जैसे कार्य उनके नेतृत्व में वर्षों पहले पूरे किए गए थे। यह व्यवस्थाएं केवल आयोजनों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे वर्ष लगातार संचालित होती रहती हैं।गौशाला में गायों की सेवा, संतों के लिए शांत वातावरण और श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित सुविधाएं यह दर्शाती हैं कि चरभइया धाम केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और सनातन परंपरा का जीवंत केंद्र है। आदिवासी समाज सहित क्षेत्र के सभी वर्गों की आस्था इस धाम से लगातार जुड़ती जा रही है। इस भव्य आयोजन ने यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि आने वाले वर्षों में चरभइया धाम शहडोल संभाग ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में एक विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान स्थापित करेगा। हिंदुत्व को सशक्त करने, आदिवासी समाज और प्रबुद्ध जनों को एक सूत्र में जोडऩे का यह प्रयास भाजपा विधायक शरद कोल की दूरदर्शी सोच, धार्मिक प्रतिबद्धता और जनसेवा भाव का प्रतीक है।

## उमरिया में भ्रष्टाचार का खेला

# साहबों ने डकारी सरकारी राशि




### एफआईआर तो हुई पर गिरफ्तारी हवा!

### मजदूरों के हक पर डाका डालने वाले सफेदपोश आजाद

उमरिया। जिले में सरकारी खजाने को निजी जागीर समझने वाले भ्रष्टाचार के महारथियों का खेल एक बार फिर बेनकाब हुआ है। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में पदस्थ जिला प्रबंधक (कृषि) एवं प्रभारी जिला प्रबंधक (वित्त) महेंद्र कुमार बारसकर ने जिस शातिर तरीके से शासकीय राशि का बंदरबांट किया, वह अब कोतवाली पुलिस की फाइलों में दर्ज हो चुका है। लेकिन, विडंबना देखिए कि गबन की पुष्टि होने और एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस की यह सुस्ती अब जनता के बीच चर्चा का विषय बन गई है।

### दोहरा भुगतान और फर्जीवाड़ा

जांच की परतें खुलीं तो भ्रष्टाचार का ऐसा गंदा नाला सामने आया, जिसने विभाग की साख पर बट्टा लगा दिया। आरोप है कि जिला प्रबंधक महेंद्र कुमार बारसकर ने अपनी कलम की ताकत का दुरुपयोग करते हुए प्रशिक्षण व्यय और मानदेय के उन बिलों का दोबारा भुगतान करा लिया, जिनका भुगतान पहले ही हो चुका था। कुल 2,80,123 रुपये के इस गबन में न केवल दोहरा भुगतान 1,43,440 रुपये शामिल है, बल्कि बिना किसी सक्षम स्वीकृति के 1,36,683 रुपये की राशि सीधे खातों में पार कर दी गई। 31 मार्च 2025 से 2 अप्रैल 2025 के बीच जब पूरा जिला वित्तीय वर्ष की क्लोजिंग में व्यस्त था, तब साहब अपनी तिजोरी भरने के जुगाड़ में लगे थे। आंतरिक निरीक्षण में जब बिल-वाउचर, कैश बुक और बैंक स्टेटमेंट का मिलान हुआ, तब इस सड़ांध की दुर्गंध जिला पंचायत तक पहुंची।

### पाली की परंपरा को दोहरा रही पुलिस

इस पूरे मामले का सबसे दिलचस्प और शर्मनाक पहलू यह है कि उमरिया कोतवाली में धारा 316(5) बीएनएस के तहत मामला तो दर्ज कर लिया गया है, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई। जिला पंचायत सीईओ के सख्त निर्देशों के बाद भी पुलिस का हाथ आरोपी के गिरेबान तक नहीं पहुंच पा रहा है। अजीब संयोग देखिए, कोतवाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ही उस वक्त बिरसिंहपुर पाली में पदस्थ थे, जब वहां जनपद पंचायत के 13 कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार की गाज गिरी थी। वहां भी एफआईआर तो हुई, लेकिन गिरफ्तारी की हिम्मत पुलिस नहीं जुटा पाई। नतीजा यह हुआ कि वे दागी कर्मचारी आज भी उन्हीं कुर्सियों पर बैठकर सिस्टम का मजाक उड़ा रहे हैं।

### चोर भी और सीनाजोरी भी

हैरानी की बात यह है कि जब भ्रष्टाचार प्रमाणित हो चुका है, विभागीय जांच में उत्तर असंतोषजनक पाया गया है, और पुलिस केस दर्ज हो गया है, तब भी विभाग आरोपी पर प्रशासनिक कार्रवाई करने से कतरा रहा है। उमरिया जिले में यह एक परिपाटी बन गई है कि भ्रष्टाचार करो, एफआईआर कराओ और फिर रसूख के दम पर कार्रवाई से बच जाओ। आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और गरीबों को सशक्त बनाना है, लेकिन यहां अधिकारी ही सशक्त हो रहे हैं। 2.80 लाख रुपये की यह राशि शायद किसी रसूखदार के लिए छोटी हो सकती है, लेकिन यह उन मजदूरों और गरीब ग्रामीणों का हक है जिनके नाम पर यह फर्जीवाड़ा किया गया। अगर महेंद्र कुमार बारसकर की गिरफ्तारी जल्द नहीं होती है, तो यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि उमरिया में भ्रष्टाचार करना सुरक्षित है। पुलिस और प्रशासन की यह जुगलबंदी जिले में ईमानदार कर्मचारियों का मनोबल तोडऩे वाली है। अब देखना यह है कि क्या मदनलाल मरावी इस बार पाली वाला दाग धो पाते हैं या इतिहास खुद को दोहराएगा।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 53 आवेदकों की समस्याएं



उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के दूर दराज से आए 53 आवेदको की समस्याओं को सुना तथा समस्याओ के निराकरण के लिए आवेदन संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में सुरेन्द्र सिंह रायपुर ग्राम ने पशु सेट निर्माण एवं मजदूरी का भुगतान कराने, राजू रैदास ग्राम भरौला ने नक्सो तरमीम कराने,मो0खालिक कैंप ने झुग्गी झोपडी का पटटा दिलाने, हीरा सिंह ग्राम बरबसपुर ने विकलांग पेंशन दिलाने, सरपंच ग्राम मुंडा ने उचित मूल्य दुकान स्वीकृत कराने, सुशील चंद रैदास वार्ड पार्षद क्रमांक 3 ने श्मशान घाट से सिध्द बाबा तक तार बदलवाने, फेरन सिंह ग्राम पंचायत कोटरी ने पुत्र की मौत बाणसागर नदी मे डूबने से होने पर मुआवजा राशि दिलाने, सियाराम मेहरा ग्राम बरबसपुर ने अमृत सरोवर तालाब निर्माण में ट्रेक्ट र से गिराई गई मिटटी ढुलाई का भुगतान कराने तथा सीताशरण ग्राम बेल्दे ने पीएम आवास दिलाने संबंधी आवेदन किया । जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, तहसीलदार बांधवगढ दिलीप सोनी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत बांझ निवारण शिविरों का होगा आयोजन

अनूपपुर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत जिले के अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में पशुओं के बांझपन, उपचार, टीकाकरण, प्रजनन जनित रोगोपचार, कृत्रिम गर्भाधान एवं भेड़-बकरियों, सूकरों में फैलने वाली समस्त बीमारियों के निदान आदि के संबंध में बांझ निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत विकासखंड अनूपपुर के ग्राम कोटमी में 16 फरवरी को, ग्राम हरद में 17 फरवरी को, ग्राम दारसागर में 18 फरवरी को तथा ग्राम जमुड़ी में 19 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड कोतमा के ग्राम कटकोना में 20 फरवरी को, ग्राम निगवानी में 21 फरवरी को, ग्राम कोठी में 22 फरवरी को तथा ग्राम बगैहाटोला में 23 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड जैतहरी के ग्राम केल्हौरी में 16 फरवरी को, ग्राम हर्री में 17 फरवरी को, ग्राम पिपरिया में 18 फरवरी को तथा ग्राम अंजनी में 19 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम अमगवां में 16 फरवरी को, ग्राम कोहका पूर्व में 17 फरवरी को, ग्राम लालपुर में 18 फरवरी को तथा ग्राम करपा में 19 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# माँ काली की पावन धरा पर 4 फरवरी से श्री अद्भुत रामायण महायज्ञ



बदरा/जमुना। अनूपपुर माँ नर्मदा की पावन धरती के अंतर्गत जमुना कोतमा क्षेत्र स्थित माँ काली मंदिर प्रांगण, कोतमा वेस्ट कॉलरी, नगर पालिका परिषद पसान में आज 4 फरवरी बुधवार से श्री अद्भुत रामायण महायज्ञ एवं भव्य संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 12 फरवरी तक प्रतिदिन आयोजित होगा। इस पावन आयोजन में कथा वाचन का दायित्व कथा व्यास परम पूज्य जया मिश्रा श्रीधाम वृंदावन को प्राप्त होगा। जिनकी ओजस्वी वाणी से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक श्रीराम कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन श्री हनुमान महाराज के सान्निध्य में तथा यज्ञाचार्य लोकेश्वर महाराज ग्राम पीठ बटुरी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। आयोजन के क्रम में 4 फरवरी को भव्य कलश यात्रा एवं श्रीराम कथा महिमा के साथ शुभारंभ किया जाएगा इसके बाद 5 फरवरी को माँ सती चरित्र एवं पार्वती विवाह, 6 फरवरी को उल्लासपूर्ण श्रीराम जन्म उत्सव, तथा 7 फरवरी को अहिल्या उद्धार एवं पुष्प वाटिका प्रसंग का संगीतमय वर्णन किया जाएगा वहीं 8 फरवरी को भव्य श्रीसीताराम विवाह उत्सव, 9 फरवरी को श्रीराम वन गमन एवं केवट प्रसंग, तथा 10 फरवरी को भरद्वाज संवाद एवं भरत चरित्र का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण होगा इसके साथ ही 11 फरवरी को शबरी प्रसंग, सुंदरकाण्ड एवं श्रीराम राज्य उत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, करुणा और आदर्श रामराज्य की अनुभूति कराई जाएगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर 12 फरवरी को महायज्ञ, पूर्णाहुति, विशाल भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस दौरान क्षेत्र भर से श्रद्धालुओं की बड़ी उपस्थिति रहने की संभावना है। आयोजन का दायित्व समस्त जमुना कोतमा क्षेत्र, नगर पालिका परिषद पसान, द्वारा वहन किया जा रहा है आयोजकों ने समस्त धर्मानुरागी श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की

### 07 फरवरी से 07 मार्च तक होगा गेहूं का पंजीयन

अनूपपुर। शासन के निर्देशानुसार गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 07 फरवरी से दिनांक 07 मार्च 2026 तक किया जाएगा। किसान तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र और एमपी किसान एप पर निशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर और साइबर कैफे पर 50 रुपये का अधिकतम शुल्क देकर पंजीयन करा सकते है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में किया जाएगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और कोड, की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त बैंक खाते, फिनो, एयरटेल पेटीएम, एवं नाबालिग बैंक खाता पंजीयन में मान्य नहीं होगें।

# नगर का मॉडल स्कूल अपनी दुर्दशा पर बहा रहा आंसू

### शिक्षकों की कमी भी बरकरार

हरिभूमि न्यूजकोतमा। शासन द्वारा छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों मे सहभागिता के उद्धेश्य से रहवासी मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना नौ बर्ष पहले की गई थी। जिसके लिए छात्र-छात्राओं को एक परिसर में शिक्षा खेलकूद व छात्रावास की सुविधा प्रदान की जा सके। इसी उद्धेश्य से शासन के द्वारा अनूपपुर जिले के चारों विकास खण्डो में मॉडल स्कूल की स्थापना की गई थी। कोतमा मे भी मॉडल स्कूल की स्थापना इसी उद्धेश्य की गई थी। लेकिन 9 साल बीतने को है ना तो मॉडल स्कूल की जमीन का प्रशासन के द्वारा सही ढंग से सीमांकन करवाया गया और ना ही आज तक बाउंड्री बाल का निर्माण करवाया गया और ना ही परिसर में छात्रावास की सुविधा प्रदान की गई। आज भी नगर का मॉडल स्कूल अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है, शिक्षकों की कमी भी बरकरार है।

### नही हुआ सीमांकन

शासन के द्वारा वर्ष 2012 में मॉडल स्कूल के लिए भूमि तो आवंटित कर दी गई लेकिन 9 साल बाद भी भूमि का सीमांकन नहीं करवाया गया। जबकि विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा कई बार सीमांकन के लिए पत्राचार भी किया गया 2 साल पहले तहसीलदार एवं पटवारी मौके पर पहुंचे थे और उनके द्वारा यह कहा गया था कि यह भूमि दो नंबरों में विभाजित है जल्दी सीमांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी लेकिन उसके बाद भी 9 साल बीत गए विद्यालय को संचालित हुए आज तक भूमिका सीमांकन नहीं हो पाया।

### नहीं है आवासीय परिसर

शासन की मनसा के अनुसार मॉडल स्कूल की स्थापना करने का उद्धेश्य एक ही परिसर में छात्र-छात्राएं रहकर शिक्षा ग्रहण करें और खेलकूद की गतिविधियों में भाग ले लेकिन आज तक बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं होने के कारण आवासीय भवन का निर्माण भी परिसर में नहीं हो पाया जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पूरी तरह से मॉडल स्कूल का लाभ नहीं मिल पा रहा।



### शिक्षकों की कमी बरकरार

नगर में संचालित शासकीय मॉडल स्कूल कक्षा छठवीं से 12 वीं तक संचालित किया जा रहा है। लेकिन कक्षा छठवीं से 12 वीं तक नियमित शिक्षक नौ है जिसके कारण अतिथि शिक्षकों के भरोसे बच्चों को शिक्षा प्रदान करवाई जा रही है। अतिथि शिक्षकों की संख्या 7 वोकेशनल दो शिक्षक हैं जबकि कुछ स्वीकृत पद 17 है। अतिथि शिक्षकों के भरोसे भरे गए हैं। वही भृत्य भी नियमित्त नहीं है वर्तमान में दो भृत्य आउटसोर्स से विद्यालय प्रबंधन के द्वारा रखे गए हैं। जबकि विद्यालय में गणित बायोलॉजी कामर्स विषय संचालित है। जिसमें फिजिक्स विषय के लिए अतिथि शिक्षक की नियुक्ति की गई है। वही हिंदी अंग्रेजी गणित रसायन जीव विज्ञान के पांच नियमित शिक्षक हैं। जबकि मॉडल स्कूल में सभी विषयों की कक्षाएं संचालित है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को पूरी तरह से मॉडल स्कूल की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### कन्या शिक्षा परिसर संचालित

वर्तमान में लगभग तीन साल से मॉडल स्कूल परिसर में ही कन्या शिक्षा परिसर का संचालन प्रशासन के द्वारा करवाया जा रहा है। क्योंकि कन्या शिक्षा परिसर का भवन आज तक उपलब्ध नहीं हो पाया है जिसके कारण मॉडल स्कूल परिसर में ही कन्या शिक्षा परिसर का संचालन करवाया जा रहा है। जबकि यह सुविधा मॉडल स्कूल में भी हॉस्टल की होनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा।

### असामाजिक तत्वों का रहता है जमाबड़ा

मॉडल स्कूल परिसर में बाउंड्री बाल का निर्माण कार्य नहीं कराए जाने के कारण रात्रि मे मॉडल स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है। रात्रि में असामाजिक तत्वों के द्वारा स्कूल परिसर की भूमि में बैठकर शराब के साथ ही अन्य नशीली दावों का सेवन करते हैं। जिसके कारण वर्तमान में कन्या परिसर भी संचालित है और उस परिसर में बच्चियां निवास करती हैं। रात्रि में असामाजिक तत्वों के द्वारा शराब की बोतल को भी तोड़कर वहीं परिसर में फेंक दिया जाता है। जिसके कारण स्कूल एवं आवास में रह रहे शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को भय के साए में रात्रि गुजारनी पड़ती है। क्योंकि यह विद्यालय नगर से काफी दूर है।

### भू माफियाओं की नजर

मॉडल स्कूल की जमीन का पूरी तरह से सीमांकन नहीं होने के कारण एवं बाउंड्री बाल का निर्माण नहीं होने के कारण मॉडल स्कूल की जमीन पर भू माफियाओं की नजर लगी हुई है। पूर्व में मॉडल स्कूल की जमीन पर भू माफिया के द्वारा कब्जा करते हुए कच्चा भवन भी बना लिया गया था बड़ी मुश्किल से प्रशासन के द्वारा उस जगह को खाली करवाया गया। यदि प्रशासन के द्वारा समय रहते स्कूल की जमीन का पूरी तरह से सीमांकन नहीं करवाया गया और बाउंड्री बाल का निर्माण नहीं करवाया गया तो वह दिन दूर नहीं जब मॉडल स्कूल की भूमि माफियाओं के कब्जे में होगी।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा माडल स्कूल की भूमि के सीमांकन एवं बाउंड्री बाल निर्माण कार्य करवाये जाने हेतु पत्राचार किया गया है। लेकिन आज तक न तो सीमांकन ही हो पाया न ही बाउंड्री वांल स्वीकृति हो पाई।

**विनोद पटेल, प्राचार्य**
**शासकीय माडल स्कूल कोतमा**

## खबर संक्षेप

### विकास की दौड़ में गोहपारू को नंबर-1 बनाने का शंखनाद



शहडोल। विकास की मुख्यधारा से कटे आकांक्षी विकासखंडों की तस्वीर बदलने के लिए जिले में संपूर्णता अभियान 2.0 का बिगुल फूंक दिया गया है। जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह की मौजूदगी में पाली-1 (गोहपारू) में आयोजित भव्य समारोह ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब फाइलों में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना होगा। विधायक ने दो टूक शब्दों में अधिकारियों को आह्वान किया कि इस बार लक्ष्य सिर्फ काम पूरा करना नहीं, बल्कि जिला और विकासखंड के लिए गोल्ड मेडल जीतना है।कार्यक्रम की शुरुआत कड़े तेवरों और संकल्प के साथ हुई। जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने अभियान की रूपरेखा रखते हुए स्पष्ट किया कि इस बार 6 प्रमुख संकेतकों पर आर-पार की जंग होगी। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के 4, शिक्षा विभाग का 1 और पशुपालन विभाग का 1 संकेतक शामिल है। प्रशासन ने अल्टीमेटम जारी कर दिया है कि 14 अप्रैल 2026 से पहले इन सभी लक्ष्यों को पूर्णतः संतृप्त करना अनिवार्य है। लापरवाही की अब कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई है।समारोह केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मैदान पर एक्शन भी दिखा। पशुपालन विभाग द्वारा गौवंशों का एफएमडी टीकाकरण लाइव करके दिखाया गया, वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग ने 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों को टेक होम राशन वितरित कर उनके वजन मापन की प्रक्रिया को मौके पर ही अंजाम दिया। यह इस बात का संकेत है कि अब अभियान की मॉनिटरिंग सीधे ग्राउंड जीरो से होगी। संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विधायक मनीषा सिंह और अन्य अतिथियों ने प्रोटोकॉल तोडक़र बच्चों के साथ पंगत में बैठकर पोषणयुक्त भोजन ग्रहण किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह और जनपद उपाध्यक्ष सुधीर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हुंकार भरी कि पाली-1 को विकास के पायदान पर सबसे ऊपर खड़ा करना ही उनकी प्राथमिकता है।मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने साफ लहजे में कहा कि 14 अप्रैल की समय-सीमा पत्थर की लकीर है। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज कुमार मिश्रा ने किया, जबकि एसडीएम सुश्री काजोल सिंह और सीईओ जनपद सुधीर कुमार दिनकर ने पूरी टीम को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

### अखंड पाठ के बाद हवन पूजन व भंडारे का आयोजन

कटनी। आधार काप में हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 31 जनवरी शनिवार और 1 फरवरी रविवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाणी सेवा श्री रंगनाथ भजन परिवार कटनी के तत्वावधान में 31 जनवरी को प्रातः 10 बजे से पूजन पाठ एवं संगीतमय अखण्ड मानस पाठ आरंभ किया गया। इस दौरान समधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति में महिलाएं, युवतियां और बच्चे झूमते रहे। इसी कड़ी में 1 फरवरी रविवार को पूजन अर्चन एवं हवन के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

### सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं को किया पुरस्कृत

कटनी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नीतकोत्तफर महाविद्यालय कटनी में इपको क्लब के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योत्स्ना आथ्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी ने विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।

## अंधी हत्या की गुत्थी सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

# मासूम की हत्या का खुलासा, प्रेम-प्रसंग में आरोपी ने गला दबाकर ली जान

**धनपुरी। धनपुरी थाना क्षेत्र में सात वर्षीय नाबालिग बालक की अपहरण के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंधी हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। इस जघन्य हत्याकांड से पूरे धनपुरी क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।**

### अपहरण से शुरू हुई थी घटना

थाना धनपुरी में 28 जनवरी 2026 को वार्ड क्रमांक 13/15 झिल्ली दफाई निवासी श्रीमती नंदनी कोल (26) पति बलराम कोल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका 7 वर्षीय नाबालिग पुत्र घर से लापता हो गया है। फरियादिया ने आशंका जताई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनके बेटे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अप.क्र. 26/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

### CCTV खंगाले, हर पहलू पर जांच

थाना प्रभारी धनपुरी के निर्देशन में तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। कस्बे में लगे CCTV कैमरों की बारीकी से जांच की गई, वहीं परिजनों, स्थानीय नागरिकों और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। लगातार तलाश के बावजूद बालक का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था।

### नाले में मिला शव, मचा हड़कंप

31 जनवरी 2026 को बैगा ओसीएम क्षेत्र के बगड्या नाला में अपहत बालक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और जांच की दिशा हत्या की ओर मोड़ दी गई।



### एक संदिग्ध पर टिक गई जांच

विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि घटना दिनांक 27 जनवरी 2026 को एक युवक को बैगा ओसीएम बगड्या नाला के पास भागते हुए देखा गया था। इसी आधार पर पुलिस ने संदेह के घेरे में आए मो. मोहसीन पिता मोहम्मद मोईनुद्दीन (25), निवासी वार्ड क्रमांक 20, बड़ी मस्जिद के पास, धनपुरी को अभिरक्षा में लिया।

### मनोवैज्ञानिक पूछताछ में टूटा आरोपी

पुलिस द्वारा जब सूक्ष्मता एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो आरोपी मो. मोहसीन ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसका अपहत बालक की मां नंदनी कोल से लगभग ढाई साल से प्रेम-प्रसंग था और वह उससे शादी करना चाहता था। कुछ दिनों से नंदनी कोल द्वारा बातचीत बंद कर दिए जाने से वह मानसिक रूप से आक्रोशित था।

### प्रेम में अंधेपन ने बना दिया हत्यारा

आरोपी ने स्वीकार किया कि इसी आक्रोश में उसने बालक को बहला-फुसलाकर अपने साथ बैगा ओसीएम बगड्या नाला के पास ले गया और वहां उसका गला दबाकर हत्या कर दी। पहचान छुपाने के उद्देश्य से शव को नाले में फेंककर फरार हो गया।

### गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

पुलिस ने मामले में धारा 103(1), 238(A) बीएनएस एवं 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट की धाराओं का इजाफा किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आज दिनांक 03 फरवरी 2026 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई को श्रीमान पुलिस अधीक्षक शहडोल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी धनपुरी के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। जांच एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक खेमसिंह पेंद्रो, उप निरीक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक आर.पी. प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, दीपक तिवारी, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह, रामनाथ, शैलेन्द्र, आरक्षक अजय सिंह एवं अक्षय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नीलकंठ मंदिर के पीछे गौवंश वध करते आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



### धनपुरी पुलिस की त्वरित कार्यवाही, हथियार व वाहन जप्त

**धनपुरी। थाना क्षेत्र में गौवंश वध जैसी गंभीर घटना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 03 फरवरी 2026 को थाना प्रभारी धनपुरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नीलकंठ मंदिर के पीछे बरमसिया की झाड़ियों में दो व्यक्ति मवेशी (गाय/बैल) का वध कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी करते हुए दबिश दी गई। पुलिस को देखकर दोनों आरोपी भागने लगे, जिसमें से एक आरोपी को पुलिस ने दौड़ाकर मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे एवं झाड़ियों का लाभ उठाकर फरार हो गया।

गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद अंसारी पिता स्व. इब्राहिम अंसारी, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 11 भुतही टोला, बुढ़ार, थाना, जिला शहडोल (म.प्र.) बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से दो नग नायलॉन की रस्सी, दो अदद लोहे के धारदार नुकीले चाकू, दो मोटर साइकिल एवं एक वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन जप्त किया है।

फरार आरोपी के संबंध में पूछताछ करने पर उसका नाम अज्जू अंसारी निवासी सिंहपुर थाना सिंहपुर बताया गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है।पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 28/2026 अंतर्गत धारा 325, 3(5) बीएनएस, 4(9) मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004, 11(1)(ठ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं 25-बी आयुध अधिनियम 1959 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।गिरफ्तार आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में जे.आर. पर प्रस्तुत किया गया, जबकि फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है।उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक शहडोल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहडोल के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी धनपुरी के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्रवाई में निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

## कांग्रेस नेताओं ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भूरिया का स्वागत

**बिरसिंहपुर पाली।** नर्मदा एक्स्प्रेस से अनूपपुर जाते समय कांग्रेस के आदिवासी राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह,का पाली में रेलवे स्टेशन में ब्लाक अध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। विदित होवे की कांग्रेस नेताओं को स्मारक के रूप में नगर में बिराजित आदि शक्ति बिरासनी जी की प्रतिमा भेंटकर पाली नगर आने का निमंत्रण दिया। वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस के इस आग्रह को स्वीकार करते हुए पाली आने की बात कही। इस भव्य स्वागत कार्यक्रम में प्रमोद उपाध्याय पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नत्थूलाल पटेल जी, पूर्व पार्षद और वरिष्ठ नेता कृष्ण कांत अवधिया जी राम बिहारी उपाध्याय जी रमेश सिंहजी दिलीप त्रिपाठी जी महिला नेत्री बिट्टू तिवारी जी पूर्व पार्षद बलराम प्रजापति जी युवा कांग्रेस जिला सचिव सनु उपाध्याय जी युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रजनीश तिवारी जी पवन पटेल जी भोला साहू जी लक्ष्मण कुशवाहा जी बंटी वर्मा जी सुनील साहू जी दुर्गेश नामदेव जी अंकित मिश्रा जी अजीत श्रीवास्तव जी सुधांशु सिंह जी दादू प्रजापति जी जावेद खान जी लकी वर्मा जी सुमित सेन जी अजय मिश्रा जी विजय गुप्ता जी छोटू केसरवानी जी राहुल केसरवानी जी सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे । आज एक बार बिरसिंहपुर पाली रेलवे स्टेशन कांग्रेस के जयकारों से गूंज उठा। राष्ट्रीय कांग्रेस नेताओं ने ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा से संघर्ष रत और कांग्रेस की रीति नीति को आगे बढाने की बात कही।



## विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**जयसिंहनगर।** नगर के लॉरेन साइन हाई स्कूल इंग्लिश मीडियम एवं पूर्व माध्यमिक संस्कार शिशु शिक्षा निकेतन का 17 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम दिनांक 2 फरवरी को पूरे भव्यता के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का थीम संकल्प पर आधारित नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। जिनमें से एकदंताय सरस्वती , वंदना राजस्थान, एवं पंजाबी गीत, कत्थक शैली में हनुमान चालीसा, नशा मुक्ति पर आधारित हरियाणवी गीत इंग्लिश ड्रामा उड़ान, ऑपरेशन सिंदूर और जोकरवाला राजू एवं देशभक्ति गीत आदि रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई । उक्त कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम की एंकरिंग की गई जो आकर्षण का केंद्र रहा। उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम की व्यवस्था एवं अनुशासन की सराहना की ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप श्रीमती सुशीला चक्रधारी शुक्ला अध्यक्ष नगर परिषद जयसिंहनगर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप संपत मिश्रा उपाध्यक्ष नगर परिषद जयसिंहनगर, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष सातिका प्रसाद तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयश्री कच्चेर, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान वन समिति जयसिंहनगर के उपाध्यक्ष रामनारायण पांडेय एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष करकी राजेश द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि रावेंद्र शर्मा छोटू, भाजपा के वरिष्ठ नेता यमुना प्रसाद मिश्रा, एडवोकेट नरेंद्र शुक्ला, पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर के प्राचार्य धर्मेंद्र द्विवेदी, विद्यालय के मार्गदर्शक एवं सेवा निवृत्त प्राचार्य सनत पांडेय , पार्षद दिवाकर देवा पयासी, पार्षद नीरज शर्मा, नगर परिषद जयसिंहनगर के अंत्योदय समिति के अध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज द्विवेदी, आर. एस. एस. ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र शर्मा, प्रकाश नारायण तिवारी विक्कू, इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रभारी पंकज पांडेय एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक , व्यापारी संघ ,राजेश गुप्ता एवं भारी संख्या में अभिभावकजन उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया । कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय की डायरेक्टर ,प्राचार्य, प्रधानाध्यापक एवं समस्त विद्यालय स्टाफ की भूमिका रही।




## जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम कि बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एवं समन्वय राज्य शिक्षा केन्द्र जिला उमरिया को विदयालय से अनुपस्थित बालको को शिक्षा से जोडने हेतु नजदीकी विदयालयों में प्रवेश कराने केसंबध में निर्देश दिये गये एवं बालको एवं किशोर श्रमिकों के नियोजन के प्रभावी रोकथाम के लिये सभी सदस्यो को कलेक्टर व्दारा निर्देशित किया गया । अनुपस्थित बच्चों को मजदूरी के कार्यो में नियोजित करने बाले नियोजकों पर बालक एवं कुमार श्रमिक के विशेष निगरानी रखे जाने हेतु सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया।भिक्षावृति के कार्यों में लगे हुये बालकों को रोकने के लिये महिला बाल विकास विभाग एवं अन्य सदस्यो को समझाईश दिये जाने एवं इसकी सूचना तत्काल जिला पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन उमरिया को दिये जाने के निर्देश दिये गये। जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया, जिला परियोजना समन्वयक अधिकारी, जिला शिक्षा केन्द्र उमरिया को निर्देशित किया गया, कि विदयालय से लगातार 30 दिन से अनुपस्थित बालको द्वारा कौन सा कार्य किया जा रहा है इसकी जानकारी संकलित कर जिला टास्कफोर्स समिति को 7 दिवस में प्रस्तुत करें। विदयालय के प्राचार्य ,प्रधानाध्यापक विदयालय से अनुपस्थित बालको की संसूचना बालक एवं कुमार श्रमप्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम , संशोधित अधिनियम के उपनियम में निर्दिष्ट जिला टास्कफोर्स समिति के नोडल अधिकारी को अनुपस्थिति की सूचना प्रस्तुत करें। जिला टास्कफोर्स समिति के सभी सदस्यो को बालक एवं कुमार श्रमिकों के नियोजन के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर निर्देशानुसार जानकारी तत्काल श्रम विभाग उमरिया एवं पेंसिल पोर्टल पर दर्ज कराये जाने की जानकारी दी गई । विमुक्त कराये गये बाल श्रमिक को विदयालय में प्रवेश एवं उनके परिवार को व्यवसाय से जोडने के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये ।

## प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में संयुक्त मोर्चा का आंदोलन

### जोहिला क्षेत्र में श्रमिकों में व्यापक असंतोष

**उमरिया ।** देश की मिनी रत्न कंपनी साउथ इस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड जोहिला क्षेत्र में श्रमिकों के जायज और संक्षिप्त 72 मांगों को लेकर पिछले सात दिनों से आंदोलन में बैठे हुए हैं, लेकिन प्रबंधन के कानो में जूं नहीं रेंग रही हैं। प्रबंधन के इस श्रमिकों के बीच में असंतोष भडक रहा है। बताया जाता है कि एस ई सी एल जोहिला क्षेत्र में जब से तत्कालीन महाप्रबंधक के कार्य शैली से जब तब आये दिन आंदोलन में होते रहे हैं, लेकिन इस कार्य शैली से व्यथित होकर जोहिला क्षेत्र के सभी श्रमिक संगठन आज आंदोलन की राह पकड लिये हैं । विदित होवे की जोहिला क्षेत्र में औद्योगिक संबंधों को महाप्रबंधक के अडियल रवैये के कारण शून्य हो गयें है और महाप्रबंधक के कृत्यों से श्रमिक संगठनों से कई बार अपमान के घूंट पीकर रह गया। श्रमिक संगठन के सीटू श्रमिक संघ के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य ने प्रबंधन के कार्यों की निंदा करते हुए भष्ट्राचार, ठेका श्रमिको का प्रबंधन शोषण करते हुए उनके हाजिरी का अथाह पैसा लूटने में प्रबंधन जुटा हुआ है। कंचन ओपन कास्ट खदान में सुरक्षा नियमों की अनदेखी का मामला उठाते हुए कहा की प्रबंधन श्रमिकों की जान के साथ खेल रहा है। सीटू नेता ने शुद्ध जल पीने को भी नहीं मिलता है। विंध्या क्षेत्र में आज तीन दशक से पानी के शुद्ध पानी न मिल पाना, एस ई सी एल प्रबंधन के भष्ट कार्यशैली को उजागर रख दिया है । उल्लेखनीय है कि जोहिला क्षेत्र में सडकों की हालात जर्जर हो गयी है, लेकिन प्रबंधन इस काम में लीपापोती कर उनके नाम पर जब तब भारी धांधली कर मामले को रफा -दफा कर दिया जाता है। आज के आंदोलन में संयुक्त मोर्चा की ओर से अशोक पाण्डेय बी एम एस, बिहारी लाल पटेल एच एम एस, पारस नाथ एटक, दिलीप सोनी इंटक, कुंजमणि वर्मा सीटू का जत्था क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे। आंदोलन का आज सातवा दिवस है और इसी क्रम में संयुक्त मोर्चा प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में अनशन रत है। आज आंदोलन स्थल पर एक आम सभा रखी गयी जिसे श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए प्रबंधन के काले कारनामे पर प्रकाश डाला। आज के आम सभा में अमृत लाल विश्वकर्मा सीटू, प्रीतम पाठक इंटक नागैन्द्र सिंह बी एम एस, राम कुंअर प्रजापति इंटक, अशोक पाण्डेय एटक, एस डी सिंह सीटू, मो फजल एटक नौमी शरण यादव बी एम एस अरूण मिश्रा एच एम एस आदि श्रमिक नेताओं की भागीदारी देखी गयी । श्रमिक संगठन ने प्रबंधन से आग्रह किया है कि शीघ्र जायज मांगो को स्वीकार कर लागू करें वरना क्षेत्र में और उग्र आंदोलन छेडा जायेगा। इस सबके बाद भी प्रबंधन की कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। ध्यान देने योग्य है कि भारतीय जनता पार्टी की देश की सरकार चल रही है फिर भी उसकी अनुषांगिक मजदूर संघ बी एम एस को भी जोहिला क्षेत्र के प्रबंधन के श्रमिक विरोधी नीतियों के चलते हडताल का रास्ता अख्तियार करना पड रहा है, जो बेहद निराशा जनक माना जा रहा है। श्रमिकों के हित बध्द सरकार श्रमिकों के हित में कब तक कदम उठायेगी, यह भविष्य के गर्त में छिपा हुआ है।



## खबर संक्षेप

### जिला प्रशासन की लापरवाही से सर फॉर्म को लेकर छात्र और अभिभावक हो रहे हैं परेशान



**हरिभूमि न्यूज अमलाई।** एक प्रेस नोट के माध्यम से भाजपा के वरिष्ठ नेता और सीनियर एडवोकेट अरविंद साहनी ने बताया कि सर फॉर्म को लेकर अनूपपुर जिला प्रशासन के सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी अनूपपुर एवं स्थानीय बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा तमाम बरगवां नगर परिषद क्षेत्र में विशेष कर छात्रों को कल शाम को नोटिस दी गई है और इस नोटिस में मात्र 12 घंटे का समय दिया गया है कि आपके मतदाता सूची में कुछ कमियां है जिसे स्पष्ट नहीं बताया गया है और आपको उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत करें। अधिवक्ता साहनी ने कहा कि इस नोटिस को लेकर आम जनता में तमाम भ्रम पैदा हुई है और अभिभावक के साथ तमाम छात्र परेशान हो रहे हैं उन्होंने कहा कि सर फॉर्म भरने करने के समय तमाम दस्तावेज आधार कार्ड मोबाइल नंबर सब दिए गए हैं तो फिर क्यू जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और इनको कानून की जानकारी नहीं थी और ना ही उनका ढंग से ट्रेनिंग दी गई थी। क्योंकि सर फॉर्म को लेकर भारत सरकार की गाइडलाइन बिल्कुल स्पष्ट है तो उसका परिपालन उस समय क्यों नहीं किया गया था। इसके अलावा साहनी ने कहा कि प्रदेश के गरीब परिवार के बच्चे तमाम लोग बाहर अध्ययन करते हैं वह 12 घंटे में अपना जवाब देने के लिए कैसे प्रस्तुत हो सकते हैं। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि ऊंन नोटिस छात्रों को न देकर उनके माता-पिता को दी जा रही है जो कानून अवैध है जबकि सीधे से सभी बच्चों को मोबाइल फोन व्हाट्सएप या ईमेल के माध्यम से सूचना दी जा सकती है जिस कानून मानयता देता है और वह दस्तावेज भी वहीं से भेज सकते थे इसके अलावा कम पढ़े लिखे जनता इसको लेकर तमाम परेशान है और ऐसे में सरकार की आलोचना भी कर रहे हैं।

### जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने 95 आवेदन पत्रों में की सुनवाई



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने 95 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी सतीश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा टी. आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम खरसोल निवासी भीमसेन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री उद्योग क्रांति स्वरोजगार योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम बेंदी निवासी श्रीमती आंधी बाई ने आधार कार्ड बनाए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम पिपरिया निवासी बब्बू प्रसाद पटेल ने नक्शा तरमीम कराए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम करनपठार निवासी रोहन सिंह ने विद्युत मीटर लगवाए जाने, तहसील कोतमा के ग्राम छिरमुड़ी निवासी श्री चेतराम ने भूमि का बंटवारा कराए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम खेतगांव निवासी रावेन्द्र कुमार पड़वार ने समग्र आईडी में सुधार कराए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम पोंड़ी निवासी जमुना प्रसाद महरा ने दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

## वीरेंद्र, आदेश और पवन की जोड़ी ने फैलाया जुए का साम्राज्य

# धीरू टोला में जुए का साम्राज्य

**पुलिस की चुप्पी संदेश के घेरे में**

अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ के आदिवासी अंचल के ग्राम पंचायत धीरूटोला इन दिनों जुए की आग में जल रहा है। यहां लाखों रुपये के दांव खुलेआम लग रहे हैं और इस अवैध कारोबार का संचालन बेखौफ वीरेंद्र कर रहा है। वीरेंद्र के सांथ धनपुरी व अमलाई के आदेश और पवन की पार्टनरशिप भी बताई जा रही है, जो पुराने और माहिर जुआ किंग माने जाते है। दूर-दराज़ के जिलों से खिलाड़ियों को बुलाकर जुए की महफिलें सजाई जा रही हैं, जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान आम ग्रामीणों और आदिवासी परिवारों को झेलना पड़ रहा है।



**हरिभूमि न्यूज राजेंद्रग्राम।**

जिले के पुष्पराजगढ़ मुख्यालय के थाना राजेंद्रग्राम से महज 5 किलोमीटर दूर ग्राम धीरू टोला, जो कभी शांत इलाके के रूप में जाना जाता था, आज जुए के अड्डे के रूप में कुख्यात होता जा रहा है। गांव में कानून का नहीं, बल्कि जुआ किंग का सिक्का चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि वीरेंद्र वर्षों से इस इलाके में संगठित तरीके से जुए का संचालन कर रहा है। वीरेंद्र के सांथ धनपुरी व अमलाई के आदेश और पवन की भूमिका भी इस पूरे मायाजाल में अहम मानी जा रही है। जुए की रातें सजती हैं, लाखों की बाजी लगती है और सुबह होते-होते कई घरों के चूल्हे बुझ जाते हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यह सब कुछ पुलिस थाना राजेंद्रग्राम की नाक के नीचे हो रहा है। गांव वालों का कहना है कि जुए की जानकारी सभी को है, लेकिन कार्यवाही कहीं नजर नहीं आती है। सवाल उठना लाजिमी है कि क्या यह सब किसी संरक्षण में हो रहा है? यदि समय रहते प्रशासन नहीं जागा, तो आदिवासी अंचल की पीढ़ियां बर्बादी की राह पर धकेल दी जाएंगी।

### बाहर से बुलाए जा रहे खिलाड़ी

राजेंद्रग्राम थाना के धीरूटोला क्षेत्र में चल रहा जुआ कोई स्थानीय या छिपा हुआ खेल नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित नेटवर्क का हिस्सा है। शहडोल, बुढार, धनपुरी, गाड़ासरई, पेंड्रा जैसे क्षेत्रों से खिलाड़ियों को बाकायदा संदेश और न्योते भेजकर बुलाया जाता है। वाहनों के जरिए लोग रात के अंधेरे में गांव पहुंचते हैं और जुए की महफिल सजती है। इससे साफ है कि यह अचानक पनपा अपराध नहीं, बल्कि योजनाबद्ध अवैध कारोबार है स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाहरी खिलाड़ी पेशेवर होते हैं, जो गांव के भोले-भाले आदिवासियों को जुए में फंसाकर उनकी गाढ़ी कमाई लूट लेते हैं। इस खेल में गांव का पैसा बाहर जा रहा है और बदले में मिल रही है तबाही, तनाव और अपराध।

### लाखों का दांव, आदिवासी परिवारो की टूटती कमर

धीरूटोला में चल रहे जुए में दांव हजारों नहीं, सीधे लाखों रुपये तक पहुंच चुका है। हार-जीत के इस खेल में आदिवासी युवक, किसान और मजदूर अपनी मेहनत की कमाई, कर्ज का पैसा और यहां तक कि घर-जमीन तक गिरवी रखने को मजबूर हो रहे हैं। कई परिवार ऐसे हैं जहां जुए की लत ने घरेलू कलह, मारपीट और आर्थिक संकट को जन्म दे दिया है। ग्रामीण बताते हैं कि जुए में हारने के बाद लोग कर्जदार बन रहे हैं, साहूकारों के चंगुल में फंस रहे हैं और आत्मसम्मान खो रहे हैं। जुआ अब सिर्फ गैरकानूनी गतिविधि नहीं, बल्कि सामाजिक विनाश का कारण बन चुका है। बच्चों की पढ़ाई, घर का राशन और इलाज तक जुए की भेंट चढ़ रहा है।

### पुलिस की खामोशी पर सवाल, आखिर कैसे संचालित हो रहा जुआ?

सबसे बड़ा सवाल राजेंद्रग्राम पुलिस की भूमिका को लेकर खड़ा हो रहा है। जब गांव-गांव में जुए की चर्चा है, बाहरी जिलों से खिलाड़ी आ रहे हैं, रातभर शोर-शराबा हो रहा है, तब पुलिस को जानकारी न होना अविश्वसनीय लगता है। ग्रामीणों में चर्चा है कि बिना किसी मजबूत संरक्षण के इतना बड़ा जुआ संभव नहीं। क्या जुआ किंग को किसी रसूखदार का आशीर्वाद प्राप्त है? क्या पुलिस की चुप्पी महज लापरवाही है या किसी दबाव का नतीजा? ये सवाल अब आम जनता के बीच आग की तरह फैल रहे हैं। यदि समय रहते पुलिस ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो उसकी निष्पक्षता पर हमेशा के लिए सवालिया निशान लग जाएगा।

### प्रशासन नहीं जागा तो भड़केगा जनआक्रोश, आदिवासी अंचल में उबाल तय

धीरूटोला के ग्रामीणों में अब गुस्सा साफ नजर आने लगा है। लोग दबी जुबान में नहीं, बल्कि खुलकर जुए के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यदि प्रशासन और पुलिस ने जल्द ही जुआ अड्डों पर छापेमारी कर दोषियों को जेल नहीं भेजा, तो जनआक्रोश फूट सकता है। आदिवासी अंचल पहले ही विकास और संसाधनों की कमी से जूझ रहा है, ऊपर से जुए जैसी बुराइयां समाज को अंदर से खोखला कर रही हैं। प्रशासन के लिए यह आखिरी चेतावनी है कि या तो कानून का राज स्थापित करे, या फिर जनता यह मानेगी कि सत्ता और अपराध एक ही सिक्के के दो पहलू बन चुके हैं।

**इनका कहना है**

आप बताए हैं हम कल ही दबिश दिलवा देंगे।

**नवीन तिवारी**
**एसडीओपी पुष्पराजगढ़**



## पवित्र नगरी अमरकंटक में गरज-लपक के साथ हल्की बारिश, मौसम में घुली ठंडक की मिठास

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में आज एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम ने करवट ली। दोपहर बाद आसमान में घने काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज गर्जना व बिजली की लपक के साथ मध्यम स्तर की बारिश शुरू हो गई। यह बारिश लगभग आधे घंटे तक रुक-रुक कर होती रही। अचानक हुई वर्षा से वातावरण में नमी बढ़ गई, वहीं बारिश के बाद चली ठंडी-ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। वर्षा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और हल्की ठंड की मिठास एक बार फिर लौट आई। गौरतलब है कि इसके एक दिन पूर्व भी संध्या काल में अच्छी खासी बारिश हुई थी, जिससे पहले से ही मौसम में बदलाव महसूस किया जा रहा था। आज दिन भर दोपहर तक आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही और शाम होते-होते मौसम ने अचानक अपना रंग दिखाया। लगातार हो रही वर्षा से जहां एक ओर लोगों को ठंडक से राहत मिली है, वहीं पर्यटक नगरी अमरकंटक में मौसम की इस ताज़गी ने वातावरण को और भी रमणीय बना दिया है।

## 7 लाख 59 हजार की सड़क मामले में जांच के आदेश

# सरपंच-सचिव इंजीनियर पर क्या गिरेगी गाज?

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**




अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत हर्राटोला में 7 लाख 59 हजार की पीसीसी सड़क को लेकर उठे भ्रष्टाचार के सवाल ने आखिरकार प्रशासन को झकझोर दिया है। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होते ही जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वित्तीय अनियमितताओं की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। अब सवाल यह है कि क्या दोषियों पर सच में कार्रवाई होगी या महज जांच आदेश तक ही कार्यवाही सीमित रहेगी?

अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत हर्राटोला में बनी पीसीसी सड़क अब सिर्फ दरारों और घटिया निर्माण की वजह से नहीं, बल्कि प्रशासनिक हलचल के कारण भी चर्चा में है। मनरेगा और 15 वें वित्त आयोग की राशि से बनी 160 मीटर लंबी इस सड़क में घटिया निर्माण और मानकों की अनदेखी को लेकर हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र में 30 जनवरी 2026 को खबर प्रकाशित हुई थी। खबर में उजागर हुई अनियमितताओं के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ गणेश पाण्डेय ने 2 फरवरी 2026 को अपने कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1933/ जन.पंचा./शिका./2026 जारी कर जांच के निर्देश दिए हैं। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत हर्राटोला के सरपंच-सचिव, इंजीनियर द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों में वित्तीय अनियमितता की शिकायत सामने आई है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर वरिष्ठ कार्यालय को कार्रवाई प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिससे पंचायत स्तर पर मची खलबली और तेज हो गई है।

### खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में

हरिभूमि में पीसीसी सड़क निर्माण में गड़बड़ी उजागर होने के बाद अब प्रशासन की नींद टूटी है। 2 फरवरी 2026 को जारी पत्र में सीईओ गणेश पाण्डेय ने साफ किया है कि समाचार पत्र में प्रकाशित बिंदुओं की गहन जांच की जाएगी। पत्र की प्रति पंचायत समन्वय अधिकारियों को भेजी गई है, जिससे यह साफ है कि मामला अब सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं रहा है।

### एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट तलब

सीईओ द्वारा जारी आदेश में भागवत प्रसाद पनिका और महेश सिंह करियाम, पंचायत समन्वय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा जिससे आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



मामला पुष्पराजगढ़ जनपद के ग्राम हर्राटोला पंचायत का

7 लाख 59 हजार की पीसीसी सड़क महज ग्रामीणों से छलावा

### सरपंच-सचिव और इंजीनियर पर सीधा आरोप

पत्र में साफ तौर पर उल्लेख है कि ग्राम पंचायत हर्राटोला में विभिन्न निर्माण कार्यों में सरपंच एवं सचिव द्वारा वित्तीय अनियमितता की गई है। इससे पहले तक आरोप सिर्फ सड़क निर्माण तक सीमित थे, लेकिन अब पूरे पंचायत के कार्य संदेह के घेरे में आ गए हैं। वही ग्रामीणों ने इंजीनियर की भी कार्यप्रणाली पर भी सीधा आरोप लगाया था।

### ग्रामीणों में उम्मीद, भ्रष्टाचारियों में खलबली

जांच के आदेश के बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि इस बार कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहेगी। वहीं पंचायत से जुड़े जिम्मेदारों में खलबली मची हुई है। सवाल यही है कि क्या यह जांच भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ पाएगी या फिर मामला समय के साथ ठंडे बस्ते में चला जाएगा यह तो एक सप्ताह उपरांत जांच रिपोर्ट आने के बाद ही तस्वीर साफ होते दिखाई देगी।

**इनका कहना है**

समाचार पत्र में प्रकाशित मामले को गंभीरता से लिया गया है। जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

**गणेश पाण्डेय, सीईओ**
**जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़**

## पसान नगर विकास को नई गति, 9.30 करोड़ के निर्माण कार्यों का भव्य लोकार्पण

# हजारों की मौजूदगी में बदला विकास का परिदृश्य

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।**



नगर पालिका परिषद पसान के वार्ड क्रमांक 7, जमुना कॉलोनी में मंगल भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का भव्य लोकार्पण समारोह 3 फरवरी को दोपहर लगभग 2 बजे संपन्न हुआ। यह आयोजन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को समर्पित रहा समारोह में हजारों की संख्या में महिला/पुरुषों की उपस्थिति ने नगर के विकास के प्रति जनसमर्थन को स्पष्ट रूप से दर्शाया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, मध्यप्रदेश शासन एवं अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहूलाल सिंह रहे। उनके आगमन पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राम अवध सिंह सहित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और आतिशबाजी से भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात 9.30 करोड़ की लागत से निर्मित कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि ने मंगल भवन का भ्रमण कर निर्माण गुणवत्ता का निरीक्षण किया और इसे "श्रेष्ठ एवं टिकाऊ निर्माण" बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह ने की विशिष्ट अतिथियों में जिला अध्यक्ष भाजपा अनूपपुर हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे मंच पर डॉ. सुनील चौरसिया, अनिल गुप्ता, राकेश गुप्ता, उदय राज सिंह मामा, रामदास पुरी, लवकुश शुक्ला, अजय ताराचंद यादव, नरेश चंद शर्मा, लाल बहादुर जायसवाल, राजेश सिंह, अशोक लाल, राजू जायसवाल, रवि राठौर, जितेंद्र भट्ट, सिद्धार्थ सिंह, मीना तंवर, जितेंद्र सोनी, कैलाश सिंह मरावी, दुर्गा पटेल, सुनील सिंह, फैज मोहम्मद, शिवभान सिंह, शशांक आरमो सीएमओ पसान, उमेश त्रिपाठी, पूजा सिंह, सरोज सूर्या लोधी, रश्मि खरे, शिवरतन वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अध्यक्ष राम अवध सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि नगर पालिका पसान में सौंदर्यीकरण, मॉडल रोड, छठ तालाब घाट, मुक्तिधाम सहित अनेक बड़े विकास कार्य पूर्ण किए गए हैं परिषद की मंशा है कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे उन्होंने घोषणा की कि शहीद मदन मोहन सिंह के नाम पर दो सड़कों का नामकरण किया जाएगा और आगे भी विकास की गति निरंतर बनी रहेगी उन्होंने सभी पार्षदों, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह (मिंटू), निर्माण कार्यों को उत्कृष्टता से पूर्ण कराने वाले ठेकेदार इंद्रजीत घोष का शाल/श्रीफल से सम्मान किया। मुख्य अतिथि बिसाहूलाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "पहले संसाधनों का अभाव था, लेकिन आज भाजपा शासन में चौतरफा विकास हो रहा है पसान में मंगल भवन, पंडाल, सड़कें और अन्य निर्माण कार्य अध्यक्ष राम अवध सिंह के कुशल नेतृत्व में तेजी से पूर्ण हुए हैं मैं पसान सहित पूरे क्षेत्र के उज्वल भविष्य की कामना करता हूँ, नगर पालिका इसी तरह विकास के पथ पर आगे बढ़ती रहे उन्होंने जनसहयोग और प्रशासनिक समन्वय की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दीं कार्यक्रम का सफल मंच संचालन युवा पसान मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह (मिंटू) ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पूर्व मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल ने किया इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं वार्ड क्रमांकद्10 भालूमाडा की नन्ही बच्चियों के लोकनृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिन्हें बदरा के सरपंच शिवभान सिंह द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया समापन पर नागरिकों ने कहा कि यह लोकार्पण पसान के सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा उत्साह, अनुशासन और जनभागीदारी के साथ संपन्न यह आयोजन नगर के विकासशील भविष्य की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत करता है।

## फूड प्वाइजनिंग के कारण आधा दर्जन से ज्यादा मवेशियों की मौत का मामला आया सामने



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** क्षेत्र अंतर्गत मुसवा झोड़की एवं दुल्ही बांध गांव में फूड प्वाइजनिंग हो जाने के कारण आधा दर्जन से ज्यादा मवेशियों की मौत होने का मामला सामने आया है। अचानक एक के बाद एक कई जानवरों के असमय मरने से सनसनी मच गई। जानकारी अनुसार गांव के तुलसी जायसवाल, रोहिणी जायसवाल सहित अन्य ग्रामीणों के मवेशियों के द्वारा चारा खाने के दौरान कोई जहरीला पदार्थ भी पेट में चले जाने से शरीर में जहर फैलने के कारण अचानक मौत हो गई। लगातार मवेशियों की मौत की सूचना के बाद टीम के द्वारा गांव पहुंचकर निरीक्षण करते हुए ब्लड एवं लार के नमूने की जांच कराई गई। जिसमें शरीर में जहर होना पाया गया। बताया जा रहा है कि मवेशियों

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, रविंद्र कुमार यादव, निवासी वार्ड क्रमाँक 01 ताराडांड, जमुडी, अनूपपुर, मध्य प्रदेश, 484224 यह घोषित करता हूँ कि मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम प्रिंसी यादव (Princy Yadav) से बदलकर अराध्या यादव (Aradhya Yadav) कर दिया है। इसके संबंध में मैंने दिनाँक 21/01/2026 को कार्यकारी मजिस्ट्रेट/नोटरी अनूपपुर के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। भविष्य में मेरी पुत्री को केवल अराध्या यादव के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

DD 526301

**आवश्यकता है**

हरिभूमि कार्यालय अनूपपुर में कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है हिंदी टायपिंग व समाचार बनाने का अनुभव आवश्यक है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।

**संपर्क करे**

मनोज शुक्ला-9425473230

आशीष द्विवेदी-9425472507